an>

Title: Need to formulate a comprehensive programme to check dwindling farm production due to climatic change.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): मौसम चक्र बदलने से फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं, जिसके चलते किसानों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है और इस संकट से तत्काल निपटने की जरूरत है। फसल की नई किस्में, जो बदलते मौसम के हिसाब से उत्पादन बढ़ाने में सहायक हो, उनके प्रचार-प्रसार और प्रोत्साहन की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। किसानों तक पहुंचने वाली प्राथमिक सरकारी मशीनरी के समय पर पहुंचना अति आवश्यक है। सरकारी मशीनरी के प्रभावी न होने के कारण भी किसान प्रभावित हो रहे हैं, जिसके कारण भविष्य में फसलों का उत्पादन घटने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अपने देश में हमें बहुत बड़ी आबादी को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। इसलिए हमें इस बड़े खतरे की तरफ गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।